# *परिवार (हाउसहोल्ड) मुद्रास्फीति प्रत्याशा सर्वेक्षण; दिसंबर 2011 (26वां दौर)**

*अक्तूबर-दिसंबर 2011 तिमाही के लिए दिसंबर 2011 के प्रथम पखवाड़े में किए गए परिवार मुद्रास्फीति प्रत्याशा सर्वेक्षण के 26वें दौर के निष्कर्ष यहां दिए गए हैं। इस सर्वेक्षण में मुद्रास्फीति प्रत्याशा के संबंध में आगामी तीन महीने और एक वर्ष की अवधि के लिए बारह अलग-अलग शहरों के 4,000 शहरी परिवारों के विचार दिए गए हैं। ये प्रत्याशाएं उनके व्यक्तिगत उपभोग पर आधारित हैं और इसलिए इन दरों को मुद्रास्फीति का आधिकारिक पूर्वानुमान नहीं समझा जाना चाहिए। परिवार मुद्रास्फीति प्रत्याशाएं निकट भविष्य के मुद्रास्फीति संबंधी दबावों के बारे में उपयोगी दिशानिर्देशक सूचनाएं प्रदान करती हैं तथा भावी मुद्रास्फीति का बेहतर संकेत प्राप्त करने के लिए अन्य आर्थिक संकेतकों के पूरक के रूप में काम करती हैं। सर्वेक्षण में प्रतिक्रिया देने वालों के परिणाम हैं और यह जरूरी नहीं है कि भारतीय रिज़र्व बैंक उनसे सहमत हो।*

*इस दौर के सर्वेक्षण से यह ज्ञात होता है कि अगले तीन महीनों में मूल्य वृद्धि की प्रत्याशा वाले प्रतिक्रिया देने वालों का प्रतिशत सभी उत्पाद समूहों, (नामतः खाद्य पदार्थ, गैर-खाद्य पदार्थ, घरेलू टिकाऊ वस्तुएं, आवास और सेवाएं) के मामलों में घटा है; परंतु आगे के एक साल के लिए इन अनुपातों में वृद्धि हुई है। सामान्य मूल्यवृद्धि सबंधी प्रत्याशाओं पर मुख्यतः खाद्य पदार्थों की कीमतों में होने वाले उतार-चढ़ाव का प्रभाव पड़ा है। परिवारों की आगामी तीन महीनों और एक वर्ष के बाद की मुद्रास्फीति प्रत्याशाएं सर्वेक्षण के पिछले दौर के क्रमशः 12.2 प्रतिशत और 12.9 प्रतिशत की तुलना में 12.4 प्रतिशत और 13.3 प्रतिशत के उच्च स्तर पर बनी रहीं। परिवारों की यह प्रत्याशा है कि मुद्रास्फीति में उनकी अनुमानित वर्तमान 11.9 प्रतिशत की वर्तमान दर की तुलना में आगामी तीन-महीनों और एक वर्ष के दौरान क्रमशः 50 और 140 आधार अंकों की वृद्धि होगी। पिछले दौर की ही तरह, दिहाड़ी कर्मचारियों और गृहणियों को अन्य श्रेणियों की तुलना में मुद्रास्फीति बढ़ने की अधिक प्रत्याशा है। विभिन्न शहरों की बात की जाए तो बैंगलोर और जयपुर में सबसे अधिक मुद्रास्फीति की प्रत्याशा रही जबकि अहमदाबाद में यह सबसे कम थी। जागरुकता की बात की जाए तो 36.0 प्रतिशत प्रतिक्रिया देने वालों ने महसूस किया कि मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने के लिए रिज़र्व बैंक आवश्यक कदम उठा रहा है तथा ऐसे लोगों में से 53.6 प्रतिशत ने यह विचार व्यक्त किया कि रिज़र्व बैंक द्वारा उठाए गए कदमों का मुद्रास्फीति के नियंत्रण पर प्रभाव पड़ा है।*

## I. प्रस्तावना

भारतीय रिज़र्व बैंक दिसम्बर 2005 से तिमाही आधार पर परिवार मुद्रास्फीति प्रत्याशा सर्वेक्षण करता रहा है। सर्वेक्षण में प्रत्याशित कीमत परिवर्तन और मुद्रास्फीति के संबंध में 3 महीने और 12 महीने पहले की अवधि द्वारा सांकेतिक अल्पावधि और दीर्घावधि के लिए गुणात्त्मक और मात्रात्मक प्रतिक्रिया मांगी जाती हैं। परिवारों की मुद्रास्फीति प्रत्याशाएं व्यक्तिपरक आकलन हैं तथा ये व्यक्तियों के अपने उपभोग पर आधारित होती हैं। इसलिए इनमें सरकार द्वारा समय-समय पर मुद्रास्फीति के संबंध में दिए गए सरकारी आंकड़ों से भिन्नता हो सकती है। इसके अलावा, इन्हें मुद्रास्फीति के किसी सरकारी उपाय के पूर्वानुमान के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए, यद्यपि इन मुद्रास्फीति प्रत्याशाओं से भावी मुद्रास्फीति में उतार-चढ़ाव की दिशा के संबंध में उपयोगी संकेत मिलते हैं।

## II. नमूना कवरेज और मांगी गई सूचना

यह सर्वेक्षण 12 शहरों में एक साथ किया जाता है तथा इसमें 18 वर्ष और उससे अधिक उम्र के लोगों से उत्तर मांगे जाते हैं। बड़े महानगरों नामतः दिल्ली, कोलकाता, मुंबई और चेन्नै (प्रत्येक) से 500-500 परिवार शामिल किये जाते हैं जबकि अन्य 8 शहरों (प्रत्येक) से 250-250 परिवार शामिल किये जाते हैं और इनमें जयपुर, लखनऊ, भोपाल, अहमदाबाद, पटना, गुवाहाटी, बंगलोर और हैदराबाद शामिल हैं। उत्तर देनेवालों में शहरों के विभिन्न भागों के लोगों को शामिल किया जाता है ताकि अधिकांश भौगोलिक क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व मिल सके। उत्तर देनेवाले पुरूष और महिला समूहों का अनुपात सामान्यतः 3:2 रहता है। व्यवसाय की दृष्टि से प्रतिनिधित्व देने के लिए नमूना कवरेज में प्रायः लक्ष्य के अनुसार लोगों को शामिल किया जाता है (सारणी 1)।

एक पृष्ठ वाला यह सर्वेक्षण (अनुबंध) 7 खंडों में आयोजित किया जाता है जिसमें उत्तर देने वालों का प्रोफाइल (खंड 1) सामान्य और उत्पादवार अल्पावधि और दीर्घावधि कीमत प्रत्याशाएं (खंड 2 और 3), मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने के लिए रिज़र्व बैंक द्वारा उठाए गये कदमों के संबंध में फीडबैक (खंड 4), वर्तमान और अनुमानित अल्पावधि और दीर्घावधि मुद्रास्फीति दर (खंड 5), पिछले एक महीने के दौरान प्रमुख खाद्य वस्तुओं की खरीद के लिए खर्च की गई राशि

* सांख्यिकी और सूचना प्रबंध विभाग के उद्यम सर्वेक्षण प्रभाग में तैयार किया गया। इस विषय पर आधारित पिछला लेख दिसंबर 2011 के बुलेटिन में प्रकाशित किया गया।

**सारणी 1: उत्तरदाताओं की प्रोफाइल (श्रेणी): कुल नमूने में हिस्सा**

| उत्तरदाताओं की श्रेणी | कुल में हिस्सा (%) | लक्ष्य हिस्सा (%) |
|---|---|---|
| वित्तीय क्षेत्र के कर्मचारी | 9.3 | 10.0 |
| अन्य कर्मचारी | 16.0 | 15.0 |
| स्व-नियोजित | 20.9 | 20.0 |
| गृहिणियां | 30.6 | 30.0 |
| सेवानिवृत्त व्यक्ति | 8.7 | 10.0 |
| दैनिक कामगार | 8.8 | 10.0 |
| अन्य श्रेणी | 5.8 | 5.0 |
| कुल | **100** | **100** |

**नोट:** उक्त नमूनों का अनुपात दिसंबर 2012 को समाप्त तिमाही के सर्वेक्षण का है।

(खंड 6) और आय/मजदूरी में परिवर्तनों की प्रत्याशाओं (खंड 7) को शामिल किया गया है ।

कीमतों में परिवर्तन के संबंध में उत्तर देने के लिए आगे दिये गये विकल्प रखे गए हैं - (i) वर्तमान से अधिक दर से कीमत वृद्धि, (ii) वर्तमान दर से कीमत वृद्धि, (iii) वर्तमान से कम दर से कीमत वृद्धि, (iv) कीमतों में कोई परिवर्तन नहीं और (v) कीमतों में कमी। मुद्रास्फीति दरों को थोड़े-थोड़े अंतराल के बाद एकत्र किया जाता है - जिनमें से सबसे कम 'एक प्रतिशत से कम' और सबसे अधिक '16 प्रतिशत और उससे अधिक' को रखा जाता है तथा इनकी सभी मध्यवर्ती श्रेणियों के लिए 100 आधार अंकों का आकार निर्धारित किया जाता है।

## III सर्वेक्षण के परिणाम

### *III.1 सामान्य कीमत प्रत्याशाएं*

- अगले तीन महीनों में सामान्य कीमतों में वृद्धि की प्रत्याशा करने वाले उत्तरदाताओं का प्रतिशत, सर्वेक्षण के पिछले दौर (जुलाई-सितंबर 2011) के 75.8 प्रतिशत से घटकर 73.4 प्रतिशत हो गया। पिछले दौर की तुलना में उत्तर देने वालों की अधिक संख्या को 'वर्तमान से कम दर से' मूल्य वृद्धि की प्रत्याशा है (सारणी 2.1)।
- इसके विपरीत, अगले एक वर्ष की अवधि के दौरान 'वर्तमान से अधिक दर' से मूल्य वृद्धि की प्रत्याशा वाले लोगों का अनुपात पिछले दौर के 73.5 प्रतिशत से बढ़कर 76.9 प्रतिशत हो गया।

### *III.2 उत्पाद समूह-वार कीमत प्रत्याशाएं*

- उत्पाद समूह-वार मूल्य प्रत्याशाओं से पहले के समान रुझान का पता चलता है, अर्थात् अगले तीन महीनों में मूल्य वृद्धि के साथ ही खाद्य उत्पादों, गैर-खाद्य उत्पादों, टिकाऊ घरेलू वस्तुओं, आवास तथा सेवाओं में भी वृद्धि की प्रत्याशा करने वाले उत्तरदाताओं के प्रतिशत में कमी हुई है; जबकि अगले एक वर्ष में टिकाऊ घरेलू वस्तुओं और सेवा मूल्यों के अलावा सभी उत्पाद समूहों के संबंध में प्रत्याशा बढ़ी है (सारणी 2.2, 2.3, 2.4, 2.5 और 2.6)।

**सारणी 2: उत्तरदाताओं का प्रतिशत-तीन माह आगे और एक वर्ष आगे के लिए उत्पाद-वार प्रत्याशाएं**

| दौर सं./सर्वेक्षण अवधि(समाप्त तिमाही)→ | 17 | 18 | 19 | 20 | 21 | 22 | 23 | 24 | 25 | 26 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | सितं-09 | दिसं-09 | मार्च-10 | जून-10 | सितं-10 | दिसं-10 | मार्च-11 | जून-11 | सितं-11 | दिसं-11 |
| **सारणी 2.1: सामान्य** | | | | | | | | | | |
| **विकल्प** | **तीन माह आगे (उत्तरदाताओं का प्रतिशत)** | | | | | | | | | |
| **कीमतों में वृद्धि होगी** | **95.8** | **97.4** | **95.7** | **95.3** | **96.5** | **98.6** | **96.0** | **98.7** | **97.3** | **96.1** |
| कीमतों में वृद्धि वर्तमान दर से अधिक | 72.2 | 74.6 | 66.9 | 72.7 | 72.2 | 74.3 | 72.9 | 71.8 | 75.8 | 73.4 |
| कीमतों में वृद्धि वर्तमान दर के अनुरूप | 18.4 | 16.6 | 20.0 | 20.0 | 21.0 | 22.0 | 20.4 | 19.8 | 15.4 | 13.2 |
| कीमतों में वृद्धि वर्तमान दर से कम | 5.1 | 6.2 | 8.8 | 2.6 | 3.3 | 2.3 | 2.7 | 7.1 | 6.0 | 9.6 |
| **कीमतों में परिवर्तन नहीं** | **3.7** | **2.4** | **3.4** | **4.2** | **2.9** | **1.1** | **3.5** | **1.2** | **2.2** | **3.0** |
| **कीमतों में कमी** | **0.6** | **0.3** | **0.9** | **0.5** | **0.6** | **0.4** | **0.5** | **0.1** | **0.6** | **0.9** |
| **विकल्प** | **एक वर्ष आगे (उत्तरदाताओं का प्रतिशत)** | | | | | | | | | |
| **कीमतों में वृद्धि होगी** | **96.3** | **96.3** | **96.5** | **95.2** | **95.6** | **98.9** | **96.1** | **98.7** | **96.0** | **97.1** |
| कीमतों में वृद्धि वर्तमान दर से अधिक | 69.5 | 68.2 | 62.8 | 70.8 | 70.4 | 77.4 | 73.4 | 73.3 | 73.5 | 76.9 |
| कीमतों में वृद्धि वर्तमान दर के अनुरूप | 17.3 | 15.2 | 19.8 | 18.7 | 19.7 | 17.9 | 18.6 | 18.0 | 16.7 | 12.6 |
| कीमतों में वृद्धि वर्तमान दर से कम | 9.5 | 12.9 | 13.9 | 5.7 | 5.6 | 3.6 | 4.2 | 7.4 | 5.9 | 7.6 |
| **कीमतों में परिवर्तन नहीं** | **3.1** | **3.1** | **2.6** | **3.8** | **3.5** | **0.9** | **3.5** | **1.3** | **3.3** | **2.5** |
| **कीमतों में कमी** | **0.7** | **0.6** | **0.9** | **1.1** | **0.9** | **0.3** | **0.3** | **0.0** | **0.7** | **0.4** |

## सारणी 2: उत्तरदाताओं का प्रतिशत-तीन माह आगे और एक वर्ष आगे के लिए उत्पाद-वार प्रत्याशाएं (जारी)

| दौर सं./सर्वेक्षण अवधि(समाप्त तिमाही)→ | 17 | 18 | 19 | 20 | 21 | 22 | 23 | 24 | 25 | 26 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | सितं-09 | दिसं-09 | मार्च-10 | जून-10 | सितं-10 | दिसं-10 | मार्च-11 | जून-11 | सितं-11 | दिसं-11 |
| **सारणी 2.2: खाद्य वस्तुएं** | | | | | | | | | | |
| विकल्प | तीन माह आगे (उत्तरदाताओं का प्रतिशत) | | | | | | | | | |
| **कीमतों में वृद्धि होगी** | **96.3** | **98.0** | **95.9** | **95.8** | **96.7** | **98.1** | **95.4** | **98.6** | **97.3** | **95.3** |
| कीमतों में वृद्धि वर्तमान दर से अधिक | 76.1 | 81.1 | 70.4 | 74.9 | 74.7 | 73.1 | 69.4 | 72.0 | 74.2 | 70.4 |
| कीमतों में वृद्धि वर्तमान दर के अनुरूप | 15.0 | 11.7 | 15.5 | 17.7 | 18.0 | 21.3 | 21.0 | 17.5 | 17.2 | 16.7 |
| कीमतों में वृद्धि वर्तमान दर से कम | 5.2 | 5.3 | 10.0 | 3.2 | 4.0 | 3.7 | 5.1 | 9.1 | 5.9 | 8.2 |
| **कीमतों में परिवर्तन नहीं** | **3.0** | **1.4** | **3.1** | **3.5** | **2.3** | **1.4** | **3.8** | **1.2** | **1.9** | **3.4** |
| **कीमतों में कमी** | **0.8** | **0.6** | **1.0** | **0.7** | **1.0** | **0.6** | **0.8** | **0.2** | **0.9** | **1.3** |
| विकल्प | एक वर्ष आगे (उत्तरदाताओं का प्रतिशत) | | | | | | | | | |
| **कीमतों में वृद्धि होगी** | **96.2** | **96.5** | **96.8** | **95.6** | **95.7** | **98.6** | **95.9** | **98.6** | **95.8** | **96.8** |
| कीमतों में वृद्धि वर्तमान दर से अधिक | 71.0 | 72.1 | 65.9 | 72.8 | 71.7 | 76.4 | 75.5 | 73.6 | 72.0 | 73.7 |
| कीमतों में वृद्धि वर्तमान दर के अनुरूप | 15.2 | 11.9 | 16.5 | 16.9 | 17.8 | 17.8 | 16.6 | 17.2 | 19.0 | 15.8 |
| कीमतों में वृद्धि वर्तमान दर से कम | 10.0 | 12.5 | 14.5 | 5.9 | 6.2 | 4.4 | 3.9 | 7.9 | 4.8 | 7.4 |
| **कीमतों में परिवर्तन नहीं** | **2.9** | **2.7** | **2.3** | **3.3** | **3.2** | **1.1** | **3.6** | **1.3** | **3.3** | **2.7** |
| **कीमतों में कमी** | **0.9** | **0.9** | **0.9** | **1.1** | **1.1** | **0.4** | **0.5** | **0.1** | **0.9** | **0.5** |
| **सारणी 2.3: खाद्येतर वस्तुएं** | | | | | | | | | | |
| विकल्प | तीन माह आगे (उत्तरदाताओं का प्रतिशत) | | | | | | | | | |
| **कीमतों में वृद्धि होगी** | **94.7** | **95.8** | **94.0** | **92.9** | **95.4** | **95.9** | **95.0** | **98.0** | **95.6** | **94.3** |
| कीमतों में वृद्धि वर्तमान दर से अधिक | 59.3 | 63.1 | 57.4 | 60.1 | 64.4 | 58.8 | 58.4 | 65.6 | 67.1 | 66.1 |
| कीमतों में वृद्धि वर्तमान दर के अनुरूप | 27.1 | 24.8 | 28.0 | 29.4 | 27.3 | 33.2 | 31.3 | 25.0 | 21.5 | 18.3 |
| कीमतों में वृद्धि वर्तमान दर से कम | 8.3 | 7.9 | 8.7 | 3.4 | 3.7 | 3.9 | 5.3 | 7.4 | 7.0 | 9.9 |
| **कीमतों में परिवर्तन नहीं** | **4.7** | **3.7** | **4.8** | **6.3** | **3.9** | **0.5** | **4.4** | **1.9** | **3.8** | **4.9** |
| **कीमतों में कमी** | **0.7** | **0.5** | **1.2** | **0.9** | **0.7** | **0.7** | **0.6** | **0.1** | **0.7** | **0.9** |
| विकल्प | एक वर्ष आगे (उत्तरदाताओं का प्रतिशत) | | | | | | | | | |
| **कीमतों में वृद्धि होगी** | **95.2** | **94.6** | **94.7** | **92.8** | **94.6** | **97.5** | **94.7** | **97.8** | **95.2** | **96.2** |
| कीमतों में वृद्धि वर्तमान दर से अधिक | 59.6 | 60.7 | 53.0 | 59.7 | 64.0 | 65.2 | 59.9 | 66.9 | 66.4 | 67.5 |
| कीमतों में वृद्धि वर्तमान दर के अनुरूप | 23.6 | 20.7 | 27.6 | 26.4 | 24.9 | 28.1 | 29.2 | 24.0 | 22.7 | 20.8 |
| कीमतों में वृद्धि वर्तमान दर से कम | 12.1 | 13.2 | 14.1 | 6.7 | 5.7 | 4.2 | 5.6 | 7.0 | 6.1 | 8.0 |
| **कीमतों में परिवर्तन नहीं** | **4.0** | **4.6** | **4.2** | **5.9** | **4.4** | **2.2** | **4.6** | **2.0** | **4.1** | **3.3** |
| **कीमतों में कमी** | **0.8** | **0.8** | **1.1** | **1.3** | **1.0** | **0.4** | **0.7** | **0.1** | **0.8** | **0.5** |
| **सारणी 2.4: घरेलू टिकाऊ वस्तुएं** | | | | | | | | | | |
| विकल्प | तीन माह आगे (उत्तरदाताओं का प्रतिशत) | | | | | | | | | |
| **कीमतों में वृद्धि होगी** | **86.8** | **87.7** | **86.4** | **87.1** | **89.7** | **91.9** | **90.4** | **91.7** | **91.0** | **86.9** |
| कीमतों में वृद्धि वर्तमान दर से अधिक | 38.4 | 45.5 | 44.1 | 45.1 | 45.8 | 45.5 | 47.0 | 49.0 | 50.5 | 53.6 |
| कीमतों में वृद्धि वर्तमान दर के अनुरूप | 30.5 | 23.4 | 27.2 | 30.5 | 32.9 | 28.9 | 28.0 | 30.6 | 26.4 | 19.5 |
| कीमतों में वृद्धि वर्तमान दर से कम | 18.0 | 18.9 | 15.1 | 11.6 | 11.0 | 17.5 | 15.4 | 12.1 | 14.1 | 13.8 |
| **कीमतों में परिवर्तन नहीं** | **11.0** | **9.5** | **8.8** | **9.1** | **6.3** | **5.9** | **5.9** | **6.7** | **5.8** | **10.8** |
| **कीमतों में कमी** | **2.2** | **2.9** | **4.8** | **3.8** | **4.1** | **2.4** | **3.8** | **1.7** | **3.3** | **2.3** |
| विकल्प | एक वर्ष आगे (उत्तरदाताओं का प्रतिशत) | | | | | | | | | |
| **कीमतों में वृद्धि होगी** | **88.7** | **87.8** | **85.2** | **87.2** | **89.0** | **94.4** | **91.3** | **92.8** | **91.5** | **90.6** |
| कीमतों में वृद्धि वर्तमान दर से अधिक | 43.3 | 45.5 | 43.2 | 46.6 | 46.3 | 48.6 | 49.6 | 52.0 | 52.2 | 54.6 |
| कीमतों में वृद्धि वर्तमान दर के अनुरूप | 28.2 | 22.1 | 25.4 | 30.1 | 31.8 | 32.5 | 29.0 | 25.7 | 26.0 | 22.6 |
| कीमतों में वृद्धि वर्तमान दर से कम | 17.3 | 20.3 | 16.6 | 10.6 | 11.0 | 13.3 | 12.8 | 15.1 | 13.3 | 13.4 |
| **कीमतों में परिवर्तन नहीं** | **9.1** | **8.5** | **9.6** | **8.0** | **6.7** | **3.8** | **5.7** | **5.4** | **6.2** | **7.8** |
| **कीमतों में कमी** | **2.2** | **3.7** | **5.3** | **4.8** | **4.3** | **1.9** | **3.0** | **1.9** | **2.3** | **1.7** |

**सारणी 2: उत्तरदाताओं का प्रतिशत-तीन माह आगे और एक वर्ष आगे के लिए उत्पाद-वार प्रत्याशाएं** *(समाप्त)*

| दौर सं./सर्वेक्षण अवधि(समाप्त तिमाही)→ | 17 | 18 | 19 | 20 | 21 | 22 | 23 | 24 | 25 | 26 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | सितं-09 | दिसं-09 | मार्च-10 | जून-10 | सितं-10 | दिसं-10 | मार्च-11 | जून-11 | सितं-11 | दिसं-11 |
| **सारणी 2.5: आवास की कीमतें** | | | | | | | | | | |
| **विकल्प** | **तीन माह आगे (उत्तरदाताओं का प्रतिशत)** | | | | | | | | | |
| **कीमतों में वृद्धि होगी** | **93.8** | **96.1** | **95.2** | **96.1** | **96.0** | **97.0** | **94.5** | **95.2** | **97.0** | **95.5** |
| कीमतों में वृद्धि वर्तमान दर से अधिक | 64.4 | 70.8 | 60.4 | 70.8 | 64.6 | 73.1 | 73.5 | 65.4 | 73.5 | 67.4 |
| कीमतों में वृद्धि वर्तमान दर के अनुरूप | 22.0 | 19.8 | 25.4 | 21.0 | 24.8 | 21.3 | 18.3 | 23.5 | 18.2 | 18.2 |
| कीमतों में वृद्धि वर्तमान दर से कम | 7.4 | 5.6 | 9.5 | 4.3 | 6.7 | 2.6 | 2.7 | 6.4 | 5.4 | 10.0 |
| **कीमतों में परिवर्तन नहीं** | **5.0** | **3.4** | **3.5** | **3.1** | **2.8** | **2.1** | **4.7** | **4.5** | **2.2** | **3.8** |
| **कीमतों में कमी** | **1.2** | **0.5** | **1.3** | **0.9** | **1.2** | **0.9** | **0.8** | **0.3** | **0.8** | **0.7** |
| **विकल्प** | **एक वर्ष आगे (उत्तरदाताओं का प्रतिशत)** | | | | | | | | | |
| **कीमतों में वृद्धि होगी** | **94.9** | **96.4** | **94.1** | **96.1** | **95.3** | **97.9** | **94.8** | **97.6** | **95.8** | **96.1** |
| कीमतों में वृद्धि वर्तमान दर से अधिक | 66.0 | 73.4 | 61.0 | 72.0 | 65.9 | 75.5 | 72.1 | 70.4 | 70.2 | 67.3 |
| कीमतों में वृद्धि वर्तमान दर के अनुरूप | 21.4 | 15.1 | 21.7 | 19.1 | 21.6 | 19.4 | 20.1 | 21.7 | 20.0 | 20.6 |
| कीमतों में वृद्धि वर्तमान दर से कम | 7.6 | 7.9 | 11.4 | 5.0 | 7.9 | 3.0 | 2.7 | 5.6 | 5.6 | 8.2 |
| **कीमतों में परिवर्तन नहीं** | **3.8** | **2.9** | **4.6** | **2.7** | **3.2** | **1.4** | **4.6** | **2.0** | **3.3** | **3.5** |
| **कीमतों में कमी** | **1.3** | **0.7** | **1.3** | **1.2** | **1.5** | **0.8** | **0.6** | **0.4** | **0.9** | **0.5** |
| **सारणी 2.6: सेवाओं की लागत** | | | | | | | | | | |
| **विकल्प** | **तीन माह आगे (उत्तरदाताओं का प्रतिशत)** | | | | | | | | | |
| **कीमतों में वृद्धि होगी** | **92.4** | **91.7** | **89.9** | **94.1** | **94.2** | **94.1** | **91.6** | **96.2** | **95.3** | **91.9** |
| कीमतों में वृद्धि वर्तमान दर से अधिक | 63.7 | 62.7 | 58.6 | 63.2 | 59.2 | 61.4 | 62.1 | 61.0 | 68.1 | 58.7 |
| कीमतों में वृद्धि वर्तमान दर के अनुरूप | 22.9 | 21.2 | 23.9 | 26.2 | 28.6 | 28.9 | 26.4 | 26.2 | 20.3 | 21.2 |
| कीमतों में वृद्धि वर्तमान दर से कम | 5.8 | 7.8 | 7.5 | 4.8 | 6.4 | 3.8 | 3.1 | 9.1 | 6.8 | 12.1 |
| **कीमतों में परिवर्तन नहीं** | **6.3** | **7.0** | **6.7** | **4.8** | **5.2** | **4.5** | **7.7** | **3.8** | **4.0** | **7.4** |
| **कीमतों में कमी** | **1.3** | **1.4** | **3.4** | **1.1** | **0.6** | **1.4** | **0.7** | **0.0** | **0.8** | **0.7** |
| **विकल्प** | **एक वर्ष आगे (उत्तरदाताओं का प्रतिशत)** | | | | | | | | | |
| **कीमतों में वृद्धि होगी** | **95.0** | **92.3** | **89.9** | **94.2** | **94.3** | **95.2** | **91.2** | **97.3** | **95.2** | **93.6** |
| कीमतों में वृद्धि वर्तमान दर से अधिक | 65.6 | 62.9 | 57.2 | 63.2 | 58.0 | 64.6 | 62.6 | 62.7 | 66.3 | 65.3 |
| कीमतों में वृद्धि वर्तमान दर के अनुरूप | 21.5 | 18.5 | 23.0 | 24.9 | 29.5 | 25.7 | 24.4 | 25.3 | 23.4 | 18.6 |
| कीमतों में वृद्धि वर्तमान दर से कम | 7.9 | 10.9 | 9.8 | 6.1 | 6.8 | 4.9 | 4.2 | 9.3 | 5.4 | 9.8 |
| **कीमतों में परिवर्तन नहीं** | **4.1** | **6.0** | **6.9** | **4.6** | **4.9** | **4.1** | **8.2** | **2.6** | **4.2** | **5.9** |
| **कीमतों में कमी** | **1.0** | **1.8** | **3.2** | **1.2** | **0.9** | **0.7** | **0.7** | **0.1** | **0.7** | **0.5** |

- आगामी तीन महीनों में खाद्य उत्पादों, आवास और सेवा मूल्यों के संबंध में 'वर्तमान से अधिक दर' से वृद्धि की प्रत्याशा करने वाले परिवारों के अनुपात में कुछ हद तक कमी हुई है। इसी प्रकार से अधिक उत्तरदाताओं की प्रत्याशा है कि 'वर्तमान से कम दर' से; विशेष रूप से आवास और सेवाओं के मूल्य के संबंध में, मूल्य वृद्धि होगी।

## *III.3 सामान्य और उत्पाद समूह-वार कीमत प्रत्याशाओं के बीच सामंजस्य*

- पिछले दौरों की तरह, यह देखा गया है कि सामान्य कीमत प्रत्याशाएं, अन्य उत्पाद समूहों की तुलना में, खाद्यान्न कीमत प्रत्याशाओं के ज्यादा करीब हैं। सामान्य कीमत प्रत्याशाओं के संबंध में विचार बनाने के लिए लगभग 90 प्रतिशत उत्तरदाता खाद्यान्नों की कीमतों में प्रत्याशित परिवर्तनों द्वारा प्रेरित प्रतीत हुए (सारणी 3 और सारणी 4)।
- सामान्य कीमत प्रत्याशाओं और अन्य उत्पाद समूहों की कीमत प्रत्याशाओं के बीच सामंजस्य की सीमा में पिछले दौर की तुलना में वर्तमान सर्वेक्षण दौर में काफी कमी हुई है। घरेलू टिकाऊ वस्तुओं की कीमतों में यह साहचर्य सबसे कम था (सारणी 3 और सारणी 4)।

**सारणी 3: विभिन्न उत्पाद-समूहों की कीमत प्रत्याशाओं में घटबढ़ के अनुरूप सामान्य कीमत में घटबढ़ की आशा करने वाले उत्तरदाताओं का प्रतिशत - तीन माह आगे**

(उत्तरदाताओं का प्रतिशत)

| दौर सं. | सर्वेक्षण की तिमाही | खाद्यान्न | खाद्येतर | घरेलू टिकाऊ वस्तुएं | आवास | सेवाओं की लागत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 17 | सितं-09 | 89.1 | 81.3 | 56.5 | 78.1 | 82.2 |
| 18 | दिसं-09 | 88.3 | 83.6 | 62.3 | 82.7 | 79.3 |
| 19 | मार्च-10 | 87.4 | 81.4 | 66.5 | 78.1 | 76.6 |
| 20 | जून-10 | 89.9 | 82.4 | 63.6 | 80.2 | 80.8 |
| 21 | सितं-10 | 91.4 | 86.1 | 64.8 | 79.2 | 76.7 |
| 22 | दिसं-10 | 92.3 | 77.3 | 58.9 | 82.5 | 76.6 |
| 23 | मार्च-11 | 85.5 | 78.9 | 62.5 | 82.5 | 76.4 |
| 24 | जून-11 | 88.5 | 83.0 | 68.1 | 80.4 | 80.0 |
| 25 | सितं-11 | 88.8 | 86.2 | 68.0 | 84.4 | 85.2 |
| 26 | दिसं-11 | 88.5 | 83.1 | 69.6 | 74.8 | 74.6 |

**सारणी 4: विभिन्न उत्पाद-समूहों की कीमत प्रत्याशाओं में घटबढ़ के अनुरूप सामान्य कीमत में घटबढ़ की आशा करने वाले उत्तरदाताओं का प्रतिशत - एक वर्ष आगे**

(उत्तरदाताओं का प्रतिशत)

| दौर सं. | सर्वेक्षण की तिमाही | खाद्यान्न | खाद्येतर | घरेलू टिकाऊ वस्तुएं | आवास | सेवाओं की लागत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 17 | सितं-09 | 91.9 | 85.8 | 65.0 | 78.9 | 82.3 |
| 18 | दिसं-09 | 91.1 | 88.4 | 69.0 | 82.8 | 79.3 |
| 19 | मार्च-10 | 89.9 | 83.6 | 67.3 | 79.7 | 76.2 |
| 20 | जून-10 | 91.7 | 83.2 | 67.2 | 79.4 | 81.1 |
| 21 | सितं-10 | 93.4 | 88.0 | 66.8 | 81.0 | 76.3 |
| 22 | दिसं-10 | 91.7 | 83.5 | 62.4 | 83.0 | 78.8 |
| 23 | मार्च-11 | 89.8 | 81.6 | 68.1 | 82.4 | 80.6 |
| 24 | जून-11 | 94.8 | 86.6 | 70.4 | 81.6 | 81.6 |
| 25 | सितं-11 | 92.4 | 87.2 | 71.1 | 85.7 | 86.3 |
| 26 | दिसं-11 | 92.6 | 84.8 | 69.7 | 78.4 | 80.9 |


## *III.4 मुद्रास्फीति प्रत्याशाएं*

- औसत मुद्रास्फीति दर के आधार पर चार हजार परिवारों की मुद्रास्फीति प्रत्याशाएं पिछले दौर में 12.2 प्रतिशत और 12.9 प्रतिशत थीं,आगामी तीन महीनों और एक वर्ष के लिए बढ़कर क्रमशः 12.4 प्रतिशत और 13.3 प्रतिशत हो गईं (सारणी 5 और चार्ट 1)।
- उत्तरदाताओं की धारणा है कि उपभोग, वर्तमान धारणा तथा आगामी तीन महीनों और एक वर्ष बाद की प्रत्याशित मुद्रास्फीति में पिछले दौर की संगत औसत दरों की तुलना में क्रमशः 20, 20 और 40 आधार अंकों की वृद्धि हुई है।
- परिवारों की प्रत्याशा है कि मुद्रास्फीति इस समय अनुभूत 11.9 प्रतिशत की दर की तुलना में आगामी तीन महीनों और आगामी 1 वर्ष के दौरान क्रमशः 50 और 140 आधार अंकों की वृद्धि होगी।
- सर्वेक्षण इतिहास के बड़े भाग के मामले में, परिवारों की मुद्रास्फीति प्रत्याशाएं थोक मूल्य सूचकांक और उपभोक्ता मूल्य सूचकांक-औद्योगिक कर्मचारी मुद्रास्फीति दरों के बीच रहीं। तथापि सर्वेक्षण के सितंबर 2010 दौर से परिवार मुद्रास्फीति प्रत्याशाएं सरकारी मुद्रास्फीति दरों की तुलना में अधिक हैं (चार्ट 2)।


**सारणी 5: घरेलू मुद्रास्फीति प्रत्याशाएं - वर्तमान, तीन महीने आगे तथा एक वर्ष आगे**

| सर्वेक्षण दौर | निम्नलिखित को समाप्त तिमाही का सर्वेक्षण | तीन माह प्रत्याशा की अवधि | मुद्रास्फीति की दर, प्रतिशत में | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | वर्तमान | तीन वर्ष आगे | एक वर्ष आगे |
| 14 | दिसं-08 | जन-मार्च 09 | 9.3 | 8.9 | 9.6 |
| 15 | मार्च-09 | अप्रै-जून 09 | 5.2 | 5.3 | 6.2 |
| 16 | जून-09 | जुला-सितं 09 | 5.8 | 6.3 | 6.7 |
| 17 | सितं-09 | अक्तू-दिसं 09 | 8.2 | 8.7 | 9.2 |
| 18 | दिसं-09 | जन-मार्च 10 | 11.1 | 11.6 | 11.9 |
| 19 | मार्च-10 | अप्रै-जून 10 | 10.3 | 10.6 | 11.0 |
| 20 | जून-10 | जुला-सितं 10 | 11.1 | 11.4 | 11.9 |
| 21 | सितं-10 | अक्तू-दिसं 10 | 12.1 | 12.3 | 12.7 |
| 22 | दिसं-10 | जन-मार्च 11 | 11.8 | 12.4 | 13.1 |
| 23 | मार्च-11 | अप्रै-जून 11 | 11.5 | 11.9 | 12.7 |
| 24 | जून-11 | जुला-सितं 11 | 11.2 | 11.8 | 12.9 |
| 25 | सितं-11 | अक्तू-दिसं 11 | 11.7 | 12.2 | 12.9 |
| 26 | दिसं-11 | जन-मार्च 12 | 11.9 | 12.4 | 13.3 |

**चार्ट 1:परिवारों की मुद्रास्फीति प्रत्याशाएं - वर्तमान, तीन माह आगे तथा एक वर्ष आगे**



**चार्ट 2: आधिकारिक मुद्रास्फीति के आंकड़ों की तुलना में परिवारों की मुद्रास्फीति प्रत्याशाएं**




- कुछ नमूनों को बदल कर उनके स्थान पर नए नमूने लेकर 10 हजार नए नमूनों का अध्ययन करने पर अल्पावधि और दीर्घावधि का औसत ज्ञात करने के लिए परिकल्पित 99 प्रतिशत परिशुद्धता विश्वास अंतरालों के मामले में थोड़ा अंतर पाया गया जो मुद्रास्फीति की परिवारों की प्रत्याशा के जनसंख्या माध्यम के लिए अंकगत अनुमानों की परिशुद्धता का संकेतक है (सारणी 6)।

## *III.5 उत्तरों में अंतर*

- अलग-अलग दौर के सर्वेक्षणों के दौरान मानक अंतर की दृष्टि से उत्तरों में प्रत्याशाओं की तुलना में वर्तमान में अनुभूत स्फीति दरों में कम अंतर पाया गया। तथापि, सर्वेक्षण के वर्तमान दौर में अनुभूत वर्तमान दर में परिवर्तन, प्रत्याशाओं के ही समान देखे गए हैं (सारणी 7)।

- उपभोग में परिवर्तन तथा उसके आधार पर मुद्रास्फीति प्रत्याशाओं के संबंध में उत्तरों में अंतर को अलग-अलग दौरों के दौरान उत्तरदाताओं के विभिन्न वर्गीकरण तथ्यों (नामतः लिंग, आयु समूह, शहर और श्रेणी) के माध्यम से अंशतः स्पष्ट किया जा समता है।

**सारणी 6: दुबारा लिए गए 10,000 नमूनों के आधार पर 99 प्रतिशत बूटस्ट्रैप विश्वास अंतराल (बीसीआई)**

| वर्तमान | | 3 महीने आगे | | 1 वर्ष आगे | |
|---|---|---|---|---|---|
| माध्य के लिए 99% बीसीआई | अंतराल की चौड़ाई | माध्य के लिए 99% बीसीआई | अंतराल की चौड़ाई | माध्य के लिए 99% बीसीआई | अंतराल की चौड़ाई |
| (11.72, 12.02) | 0.30 | (12.26,12.55) | 0.29 | (13.12,13.39) | 0.27 |

**सारणी 7: विभिन्न दौर में प्राप्त अनुक्रियाओं में उतार-चढ़ाव**

| दौर सं. | निम्नलिखित को समाप्त तिमाही का सर्वेक्षण | मुद्रास्फीति की दर | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | मौजूदा दर | | तीन महीने आगे | | एक वर्ष आगे | |
| | | औसत | मानक विचलन | औसत | मानक विचलन | औसत | मानक विचलन |
| 16 | जून-09 | 5.8 | 4.4 | 6.3 | 4.6 | 6.7 | 4.7 |
| 17 | सितं-09 | 8.2 | 6.0 | 8.7 | 6.0 | 9.2 | 5.9 |
| 18 | दिसं-09 | 11.1 | 4.9 | 11.6 | 4.9 | 11.9 | 5.1 |
| 19 | मार्च-10 | 10.3 | 4.4 | 10.6 | 4.7 | 11.0 | 4.8 |
| 20 | जून-10 | 11.1 | 3.6 | 11.4 | 4.1 | 11.9 | 4.2 |
| 21 | सितं-10 | 12.1 | 3.2 | 12.3 | 3.6 | 12.7 | 3.8 |
| 22 | दिसं-10 | 11.8 | 3.5 | 12.4 | 3.7 | 13.1 | 3.6 |
| 23 | मार्च-11 | 11.5 | 3.1 | 11.9 | 3.7 | 12.7 | 3.6 |
| 24 | जून-11 | 11.2 | 3.4 | 11.8 | 3.3 | 12.9 | 3.3 |
| 25 | सितं-11 | 11.7 | 3.1 | 12.2 | 3.4 | 12.9 | 3.7 |
| 26 | दिसं-11 | 11.9 | 3.5 | 12.4 | 3.4 | 13.3 | 3.4 |

- अलग-अलग दौर में हुए परिवर्तनों का विश्लेषण करने पर यह ज्ञात हुआ कि 'शहर' हमेशा ही प्रत्येक दौर में अंतर के प्रधान स्रोत रहे हैं तथा उसके बाद पेशे की 'श्रेणी' का स्थान आता है (सारणी 8)।

- सर्वेक्षण से यह पता लगता है कि गृहिणियों और दिहाड़ी मजदूरों की मुद्रास्फीति प्रत्याशाएं अपेक्षाकृत अधिक थीं। उत्तरदाताओं के उम्र-वार प्रोफाइल से कोई स्पष्ट पैटर्न उभरकर सामने नहीं आया (सारणी 9)।

**सारणी 8: कुल उतार-चढ़ाव को स्पष्ट करने वाले घटक**

| दौर सं. | सर्वेक्षण की तिमाही | वर्तमान | 3 महीने आगे | 1 वर्ष आगे |
|---|---|---|---|---|
| 16 | जून-09 | शहर, लिंग, श्रेणी, आयु | शहर, लिंग, श्रेणी | शहर, श्रेणी, आयु |
| 17 | सितं-09 | शहर, आयु | शहर, आयु | शहर, आयु |
| 18 | दिसं-09 | शहर, श्रेणी, आयु | शहर, आयु | शहर |
| 19 | मार्च-10 | शहर, श्रेणी, आयु | शहर, श्रेणी | शहर, श्रेणी |
| 20 | जून-10 | शहर, श्रेणी, आयु | शहर, श्रेणी, आयु | शहर, श्रेणी, आयु |
| 21 | सितं-10 | शहर, लिंग, श्रेणी, आयु | शहर, लिंग, श्रेणी | शहर, श्रेणी |
| 22 | दिसं-10 | शहर, श्रेणी | शहर, श्रेणी | शहर, श्रेणी |
| 23 | मार्च-11 | शहर, श्रेणी | शहर, श्रेणी | शहर, श्रेणी, आयु |
| 24 | जून-11 | शहर, श्रेणी | शहर, श्रेणी | शहर, श्रेणी |
| 25 | सितं-11 | शहर, लिंग, श्रेणी | शहर, श्रेणी | शहर, लिंग, श्रेणी |
| 26 | दिसं-11 | शहर, श्रेणी | शहर, श्रेणी, आयु | शहर, श्रेणी |

**टिप्पणी:** प्रसरण (वैरीअन्स) विश्लेषण के आधार पर प्राप्त परिणाम

**सारणी 9: दिसंबर 2011 के सर्वेक्षण दौर में विभिन्न समूह-वार मुद्रास्फीति प्रत्याशाएं**

| | वर्तमान | | तीन महीने आगे | | एक वर्ष आगे | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | माध्य | मानक विचलन | माध्य | मानक विचलन | माध्य | मानक विचलन |
| **लिंग-वार** | | | | | | |
| पुरुष | 11.6 | 3.6 | 12.2 | 3.5 | 13.1 | 3.3 |
| स्त्री | 12.2 | 3.4 | 12.7 | 3.4 | 13.4 | 3.5 |
| **श्रेणी-वार** | | | | | | |
| वित्तीय क्षेत्र के कर्मचारी | 11.4 | 3.3 | 11.8 | 3.5 | 12.8 | 3.4 |
| अन्य कर्मचारी | 11.8 | 3.4 | 12.4 | 3.3 | 13.1 | 3.5 |
| स्व-नियोजित | 11.2 | 3.8 | 12.0 | 3.5 | 12.8 | 3.3 |
| गृहिणियां | 12.3 | 3.5 | 12.8 | 3.3 | 13.7 | 3.3 |
| सेवानिवृत्त व्यक्ति | 11.8 | 3.4 | 12.2 | 3.5 | 13.2 | 3.4 |
| दैनिक कामगार | 12.5 | 3.6 | 12.9 | 3.6 | 13.8 | 3.4 |
| अन्य श्रेणी | 11.9 | 3.4 | 12.4 | 3.4 | 13.2 | 3.3 |
| **आयु-वार** | | | | | | |
| 25 वर्ष तक | 12.5 | 3.5 | 13.0 | 3.5 | 13.6 | 3.5 |
| 25 से 30 वर्ष | 11.7 | 3.4 | 12.3 | 3.2 | 13.2 | 3.2 |
| 30 से 35 वर्ष | 11.8 | 3.7 | 12.3 | 3.6 | 13.2 | 3.5 |
| 35 से 40 वर्ष | 11.7 | 3.5 | 12.4 | 3.3 | 13.1 | 3.6 |
| 40 से 45 वर्ष | 11.9 | 3.6 | 12.6 | 3.2 | 13.4 | 3.1 |
| 45 से 50 वर्ष | 11.9 | 3.6 | 12.4 | 3.5 | 13.2 | 3.2 |
| 50 से 55 वर्ष | 11.7 | 3.6 | 12.4 | 3.2 | 13.3 | 3.1 |
| 55 से 60 वर्ष | 11.6 | 3.4 | 11.8 | 3.8 | 12.9 | 3.3 |
| 60 वर्ष और अधिक | 11.8 | 3.3 | 12.1 | 3.6 | 13.1 | 3.5 |
| **शहर-वार** | | | | | | |
| मुंबई | 14.1 | 3.2 | 14.1 | 4.0 | 15.5 | 2.2 |
| दिल्ली | 11.4 | 3.0 | 11.9 | 3.5 | 12.8 | 3.1 |
| चेन्नै | 11.2 | 1.9 | 12.2 | 1.9 | 11.3 | 4.1 |
| कोलकाता | 10.9 | 2.0 | 10.7 | 2.4 | 11.0 | 2.6 |
| बेंगलोर | 15.8 | 1.8 | 16.0 | 1.5 | 16.1 | 1.2 |
| हैदराबाद | 11.9 | 2.8 | 12.4 | 2.8 | 12.7 | 2.7 |
| अहमदाबाद | 8.4 | 2.6 | 9.8 | 2.2 | 11.2 | 2.3 |
| लखनऊ | 12.9 | 3.0 | 13.9 | 2.7 | 14.7 | 2.3 |
| जयपुर | 16.0 | 1.8 | 15.0 | 3.0 | 16.3 | 1.2 |
| भोपाल | 8.4 | 2.5 | 10.5 | 2.5 | 13.0 | 2.9 |
| पटना | 10.8 | 5.9 | 11.7 | 5.4 | 13.0 | 4.6 |
| गुवाहाटी | 10.4 | 0.6 | 11.6 | 1.4 | 13.7 | 1.8 |
| **समग्र** | **11.9** | **3.5** | **12.4** | **3.4** | **13.3** | **3.4** |

वर्ष

- शहर-वार दृष्टि से, बैंगलोर और जयपुर में मुद्रास्फीति प्रत्याशाएं सबसे अधिक पाई गईं और अहमदाबाद में सबसे कम रहीं (सारणी 9)।

## *III.6 वर्तमान मुद्रास्फीति और भावी प्रत्याशाओं को एक साथ सारणीबद्ध करना*

- मुद्रास्फीति का अनुभव करने वाले और अल्पावधि तथा दीर्घावधि के लिए दो अंकों में उसकी प्रत्याशा करने वाले उत्तरदाताओं का अनुपात पिछले दौर की तुलना में बढ़ गया है।
- विशेष रूप से 72.0 प्रतिशत उत्तरदाताओं (पिछले दौर में 64.5 प्रतिशत) का विचार था कि वर्तमान मुद्रास्फीति दो अंकों में होगी। उसी प्रकार से 78.3 प्रतिशत (पिछले दौर में 77.5 प्रतिशत) और 84.2 प्रतिशत (पिछले दौर में 83.9 प्रतिशत) उत्तरदाताओं ने क्रमशः अगले तीन महीनों और एक वर्ष की अवधि के लिए दो अंकों वाली मुद्रास्फीति दर की प्रत्याशा व्यक्त की (सारणी 10, सारणी 11 और चार्ट 3)।
- वर्तमान मुद्रास्फीति-धारणा तथा भावी मुद्रास्फीति प्रत्याशाओं को एक साथ सारणीबद्ध करने पर यह संकेत मिलता है कि जिन 72.0 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने वर्तमान मुद्रास्फीति को दो अंकों

### सारणी 10: वर्तमान और तीन महीने आगे की मुद्रास्फीति का प्रतिसारणीयन (क्रास-टैबुलेशन)

(उत्तरदाताओं की संख्या)

| मुद्रास्फीति की वर्तमान दर (प्रतिशत) | तीन महीने आगे की मुद्रास्फीति दर (प्रतिशत) | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | <1 | 1-2 | 2-3 | 3-4 | 4-5 | 5-6 | 6-7 | 7-8 | 8-9 | 9-10 | 10-11 | 11-12 | 12-13 | 13-14 | 14-15 | 15-16 | >=16 | कोई अनुमान नहीं | कुल |
| <1 | | 1 | | | | | | | | 1 | 1 | | | | | | | | 3 |
| 1-2 | 1 | 10 | 9 | 6 | 7 | | | | | | | | | | | | | | 33 |
| 2-3 | | | 3 | 12 | 7 | 4 | | | | 2 | 2 | 3 | | | | | | | 33 |
| 3-4 | | | | 2 | 4 | 8 | 4 | | | 1 | | | | | | | 1 | | 20 |
| 4-5 | | | | 1 | 8 | 6 | 6 | 12 | 2 | 3 | 1 | 1 | | | 1 | 1 | 1 | | 43 |
| 5-6 | | | | | 1 | 7 | 6 | 21 | 14 | 6 | 2 | | | 1 | | | | | 58 |
| 6-7 | | | | | | | 9 | 45 | 26 | 20 | 2 | | | | 1 | | | | 103 |
| 7-8 | 3 | | | | | 1 | 6 | 33 | 53 | 42 | 14 | 1 | 1 | 2 | 3 | 2 | 2 | | 163 |
| 8-9 | 1 | | | | | | 1 | 16 | 43 | 106 | 25 | 1 | 1 | | | | | 1 | 195 |
| 9-10 | 8 | | 1 | | 1 | | | 3 | 19 | 96 | 232 | 77 | 24 | 2 | 1 | 1 | 3 | 1 | 469 |
| 10-11 | 10 | | | 1 | 1 | | 1 | 2 | 3 | 61 | 211 | 324 | 137 | 36 | 16 | 2 | 2 | 8 | 815 |
| 11-12 | 3 | | | | | | | | | 2 | 16 | 107 | 173 | 32 | 11 | 2 | 4 | 4 | 354 |
| 12-13 | 5 | | | | | | | | 1 | 1 | 4 | 5 | 61 | 193 | 23 | 4 | 6 | 5 | 308 |
| 13-14 | 1 | | | | | | | | | | 1 | 3 | 3 | 32 | 90 | 13 | 3 | 3 | 149 |
| 14-15 | | | | | | 1 | 1 | | | | | 1 | 4 | 3 | 28 | 64 | 42 | 2 | 146 |
| 15-16 | 2 | | | | | | 2 | | | | 1 | | | | 8 | 24 | 88 | | 125 |
| >=16 | 14 | | | | 4 | | 2 | 2 | 4 | 8 | 2 | 5 | 5 | 3 | 18 | 24 | 889 | 3 | 983 |
| कुल | 48 | 11 | 13 | 22 | 33 | 27 | 38 | 134 | 165 | 349 | 514 | 528 | 409 | 304 | 200 | 137 | 1041 | 27 | 4000 |

**टिप्पणी:** छायांकित सेल में दिए गए आंकड़े उन उत्तरदाताओं की संख्या दर्शाते हैं जो यह मानते हैं कि वर्तमान तथा तीन माह आगे की मुद्रास्फीति दहाई के अंकों में होगी।

वाली बताया था, उनमें से लगभग 95 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने आशा व्यक्त की कि अगले तीन महीने और एक साल की अवधि में मुद्रास्फीति उसी स्तर पर (दो अंकों में) बनी रहेगी (सारणी 10 और 11)।


### सारणी 11: वर्तमान तथा एक वर्ष आगे की मुद्रास्फीति का प्रतिसारणीयन (क्रास-टैबुलेशन)

(उत्तरदाताओं की संख्या)

| मुद्रास्फीति की वर्तमान दर (प्रतिशत) | एक वर्ष आगे की मुद्रास्फीति दर (प्रतिशत) | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | <1 | 1-2 | 2-3 | 3-4 | 4-5 | 5-6 | 6-7 | 7-8 | 8-9 | 9-10 | 10-11 | 11-12 | 12-13 | 13-14 | 14-15 | 15-16 | >=16 | कोई अनुमान नहीं | कुल |
| <1 | | | | | 1 | | | | | | | 2 | | | | | | | 3 |
| 1-2 | 1 | | 4 | 6 | 8 | 6 | | | | 2 | | 1 | | | 3 | 1 | 1 | | 33 |
| 2-3 | 1 | | 2 | 1 | 7 | 3 | 1 | 1 | | 4 | 1 | 5 | 2 | 1 | 2 | | 2 | | 33 |
| 3-4 | | | | | | 5 | 2 | 2 | | 3 | 3 | 1 | 1 | 2 | | 1 | | | 20 |
| 4-5 | | | | | 1 | 3 | 3 | 10 | 1 | 12 | 5 | 2 | 2 | | 1 | 1 | 2 | | 43 |
| 5-6 | | | | | | 4 | 5 | 3 | 5 | 19 | 8 | 5 | 6 | 1 | | 2 | | | 58 |
| 6-7 | | | | | | 1 | 8 | 8 | 22 | 24 | 18 | 8 | 8 | 4 | | 2 | | | 103 |
| 7-8 | 2 | | | | | 1 | 11 | 20 | 23 | 32 | 27 | 21 | 9 | 4 | 4 | 3 | 6 | | 163 |
| 8-9 | 2 | | | | | | 1 | 22 | 33 | 33 | 50 | 26 | 18 | 3 | 1 | 2 | 2 | 2 | 195 |
| 9-10 | 11 | | | | | | | 5 | 24 | 59 | 55 | 131 | 66 | 42 | 31 | 20 | 18 | 7 | 469 |
| 10-11 | 10 | | 1 | | | | 1 | 2 | 8 | 36 | 152 | 55 | 211 | 81 | 93 | 90 | 61 | 14 | 815 |
| 11-12 | 11 | | | | | | | 1 | | 3 | 16 | 70 | 83 | 92 | 24 | 13 | 34 | 7 | 354 |
| 12-13 | 17 | 1 | | | | | | | 1 | 4 | | 16 | 64 | 40 | 111 | 17 | 26 | 11 | 308 |
| 13-14 | 8 | | | | | | | | | 1 | 1 | 4 | 5 | 40 | 18 | 47 | 21 | 4 | 149 |
| 14-15 | 1 | | | | | | | | | | 1 | 2 | 2 | 3 | 16 | 33 | 85 | 3 | 146 |
| 15-16 | | | | | | | | | | | | | 1 | 1 | 4 | 13 | 106 | | 125 |
| >=16 | 4 | | | | | | 1 | 1 | | | | 1 | | 1 | 1 | 12 | 959 | 3 | 983 |
| कुल | 68 | 1 | 7 | 7 | 17 | 23 | 33 | 75 | 117 | 232 | 337 | 350 | 478 | 315 | 309 | 257 | 1323 | 51 | 4000 |

**टिप्पणी:** छायांकित सेल में दिए गए आंकड़े उन उत्तरदाताओं की संख्या दर्शाते हैं जो यह मानते हैं कि वर्तमान तथा तीन माह आगे की मुद्रास्फीति दहाई के अंकों में होगी।

सारणी 3: वर्तमान मुद्रास्फीति तथा भविष्य की प्रत्याशा की धारणा के स्तर का संबंध





## *III.7 मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने के लिए रिज़र्व बैंक द्वारा उठाए गए उपायों के संबंध में जागरुकता*

- मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने के लिए रिज़र्व बैंक द्वारा की जाने वाली कार्रवाई तथा उसके प्रभाव के बारे में फीडबैक प्राप्त करने के संबंध में सर्वेक्षण से यह पता चला कि 68.2 प्रतिशत (पिछले दौर में 62.6 प्रतिशत) उत्तरदाता यह जानते थे कि मुद्रास्फीति के नियंत्रण के लिए रिज़र्व बैंक कदम उठाता है। ऐसे उत्तरदाताओं में से 36.0 प्रतिशत (पिछले दौर में 26.7 प्रतिशत) ने यह विचार व्यक्त किया कि रिज़र्व बैंक इस संबंध में आवश्यक कदम उठा रहा है (चार्ट 4), इनमें से 53.6 प्रतिशत का मामना है कि रिज़र्व बैंक की कार्रवाई का मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने में असर हुआ है।
- मुद्रास्फीति के नियंत्रण के मामले में वित्तीय क्षेत्र के अधिकांश कर्मचारियों को भारतीय रिज़र्व बैंक की भूमिका की जानकारी है किंतु दिहाड़ी मजदूरों को इस संबंध में व्यापक रूप से जागरुकता की कमी है (चार्ट 5)।
- मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने में भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा आवश्यक कदम उठाए जाने के संबंध में जानकारी रखने वाले प्रत्येक श्रेणी के उत्तरदाताओं में से अधिकांश का यह भी मानना है कि कार्रवाई का असर भी हुआ है (सारणी 12)।


## *III.8 आय/वेतन में परिवर्तन संबंधी प्रत्याशाएं*

- मजदूर/स्व-नियोजित/दिहाड़ी मजदूर श्रेणियों के 2,198 उत्तरदाताओं में से 41.8 प्रतिशत ने बताया कि पिछले एक

चार्ट 4: मुद्रास्फीति के नियंत्रण के लिए रिज़र्व बैंक की कार्रवाई के बारे में उत्तरदाताओं की धारणा



### चार्ट 5: मुद्रास्फीति के नियंत्रण के लिए रिज़र्व बैंक की कार्रवाई के बारे में श्रेणी-वार जागरूकता




### सारणी 12: मुद्रास्फीति नियंत्रण में भा.रि.बै. की कार्रवाई के प्रभाव पर श्रेणी-वार उत्तर

| श्रेणी-वार | मुद्रास्फीति नियंत्रण में भा.रि.बै. की कार्रवाई का प्रभाव (उत्तरदाताओं का प्रतिशत*) | | |
|---|---|---|---|
| | हां | नहीं | कह नहीं सकते |
| वित्तीय क्षेत्र के कर्मचारी | 52.9 | 40.3 | 6.8 |
| अन्य कर्मचारी | 48.6 | 40.1 | 11.3 |
| स्व-नियोजित | 51.9 | 40.0 | 8.1 |
| गृहिणियां | 57.0 | 34.4 | 8.5 |
| सेवानिवृत्त व्यक्ति | 51.7 | 39.9 | 8.4 |
| दैनिक कामगार | 54.3 | 33.3 | 12.3 |
| अन्य श्रेणी | 68.8 | 24.7 | 6.5 |

उत्तरदाता जिन्होंने महसूस किया कि मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक आवश्यक कदम उठा रहा है।

वर्ष में उनकी मजदूरी/आय में वृद्धि हुई है। लगभग 73 प्रतिशत को आगामी 3 महीनों में उनकी आय/मजदूरी बढ़ने की गुंजाइश दिखाई नहीं देती। तथापि, 71.3 प्रतिशत को उम्मीद है कि अगले एक वर्ष में उनकी आय/मजदूरी में वृद्धि होगी (सारणी 13)।

- जिन 41.8 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने पिछले एक वर्ष में मजदूरी/आय में वृद्धि होने की सूचना दी है उनमें से 47.2 प्रतिशत वेतनभोगी श्रेणी के, 38.1 प्रतिशत स्व-नियोजित श्रेणी के और 35.3 प्रतिशत दिहाड़ी मजदूर हैं।
- 65.5 प्रतिशत दिहाड़ी मजदूर, 66.1 प्रतिशत स्व-नियोजित और वित्तीय क्षेत्र के 77.7 प्रतिशत तथा अन्य कर्मचारियों की प्रत्याशा है कि आगामी एक वर्ष में उनकी आय बढ़ेगी।

### सारणी 13: मजदूरी/आय स्तर में बदलाव के संबंध में उत्तरदाताओं की प्रत्याशा

(उत्तरदाताओं का प्रतिशत)

| उत्तरदाताओं की श्रेणी | पिछले वर्ष से आय में परिवर्तन | | | आगामी तीन महीनों की अवधि में आय परिवर्तन | | | आगामी एक वर्ष की अवधि में आय परिवर्तन | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | वृद्धि | अपरिवर्तित | कमी | वृद्धि | अपरिवर्तित | कमी | वृद्धि | अपरिवर्तित | कमी |
| वित्तीय क्षेत्र के कर्मचारी | 56.9 | 39.3 | 3.8 | 33.1 | 64.8 | 2.2 | 79.7 | 18.4 | 1.9 |
| अन्य कर्मचारी | 41.5 | 56.7 | 1.8 | 22.8 | 76.2 | 1.0 | 76.6 | 22.2 | 1.3 |
| **कुल कर्मचारी** | **47.2** | **50.3** | **2.5** | **26.6** | **72.0** | **1.4** | **77.7** | **20.8** | **1.5** |
| स्व-नियोजित | 38.1 | 52.2 | 9.7 | 23.9 | 71.7 | 4.4 | 66.1 | 30.1 | 3.8 |
| दैनिक कामगार | 35.3 | 58.6 | 6.0 | 17.8 | 77.0 | 5.2 | 65.5 | 29.3 | 5.2 |
| **कुल** | **41.8** | **52.4** | **5.8** | **24.2** | **72.7** | **3.1** | **71.3** | **25.7** | **2.9** |

## अनुबंध

**भारतीय रिज़र्व बैंक**
**सांख्यिकी और सूचना प्रबंध विभाग**
**परिवारों की मुद्रास्फीति प्रत्याशा का सर्वेक्षण, दिसंबर 2011**

**उत्तरदाता का कोड**

| दौर संख्या | झोन | शहर | | लिंग | आयु वर्ग | श्रेणी | क्रम संख्या | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **26** | | | | | | | | | | |

**खंड 1. उत्तरदाता की पहचान**

1. उत्तरदाता का नाम :
2. उत्तरदाता का पता :

| शहर | | राज्य | | पिन | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|

3. टेलीफोन/मोबाईल नं.:
4. उत्तरदाता का लिंग (कृपया उपयुक्त स्थान पर (✓) निशान लगाएं) [1] पुरूष [2] महिला
5. उत्तरदाता की उम्र (पूर्ण वर्षों में, 18 वर्ष से अधिक) ----------
6. उत्तरदाता का वर्ग (कृपया उपर्युक्त स्थान पर (✓) निशान लगाएं)

| वित्तीय क्षेत्र के कर्मचारी | अन्य कर्मचारी | स्व-नियोजित | गृहिणी | सेवानिवृत्त | दैनिक श्रमिक | अन्य |
|---|---|---|---|---|---|---|

**खंड 2. अगले तीन माह की कीमतों के बारे में उत्तरदाता की प्रत्याशा** *(कृपया प्रत्येक कॉलम के संबंधित खाने पर (✓) निशाना लगाएं)*

| | विकल्प | सामान्य | खाद्य उत्पाद | खाद्य से इतर उत्पाद | घरेलू टिकाऊ वस्तुएं | आवास | सेवाएं |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| i | वर्तमान दर से अधिक दर पर कीमतों में वृद्धि | | | | | | |
| ii | वर्तमान दर से अनुसार कीमतों में वृद्धि | | | | | | |
| iii | वर्तमान दर से कम दर पर कीमतों में वृद्धि | | | | | | |
| iv | कीमतों में कोई परिवर्तन नहीं | | | | | | |
| v | कीमतों में कमी | | | | | | |

**खंड 3. अगले 1 वर्ष की कीमतों के बारे में उत्तरदाता की प्रत्याशा** *(कृपया प्रत्येक कॉलम के संबंधित खाने पर (✓) निशाना लगाएं)*

| | विकल्प | सामान्य | खाद्य उत्पाद | खाद्य से इतर उत्पाद | घरेलू टिकाऊ वस्तुएं | आवास | सेवाएं |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| i | वर्तमान दर से अधिक दर पर कीमतों में वृद्धि | | | | | | |
| ii | वर्तमान दर से अनुसार कीमतों में वृद्धि | | | | | | |
| iii | वर्तमान दर से कम दर पर कीमतों में वृद्धि | | | | | | |
| iv | कीमतों में कोई परिवर्तन नहीं | | | | | | |
| v | कीमतों में कमी | | | | | | |

**खंड 4. मूल्य स्थिरता के लिए रिज़र्व बैंक की कार्रवाई के बारे में उत्तरदाताओं के विचार**

*क्या आपको लगता है कि मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने के लिए रिजर्व बैंक आवश्यक कार्रवाई कर रहा है? विकल्प-हां/नहीं/पता नहीं*
*यदि हां, तो क्या इसका मुद्रास्फीति पर असर पड़ेगा? हां/नहीं/पता नहीं*

**खंड 5. निम्नलिखित मुद्रास्फीति दरों पर उत्तरदाता के विचार:** *(कृपया संबंधित खाने पर (✓) निशाना लगाएं)*

| **मानदंड** | **विकल्प** | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वर्तमान मुद्रास्फीति दर | 1% से कम | 1 - 2 % | 2 - 3 % | 3 - 4 % | 4 - 5 % | 5 - 6 % | 6 - 7% | 7 - 8% | 8 - 9% |
| | 9 - 10% | 10 - 11% | 11 - 12% | 12 - 13% | 13 - 14% | 14 - 15% | 15 - 16 % | 16% तथा अधिक | पता नहीं |
| 3 माह के बाद मुद्रास्फीति दर | 1% से कम | 1 - 2 % | 2 - 3 % | 3 - 4 % | 4 - 5 % | 5 - 6 % | 6 - 7% | 7 - 8% | 8 - 9% |
| | 9 - 10% | 10 - 11% | 11 - 12% | 12 - 13% | 13 - 14% | 14 - 15% | 15 - 16 % | 16% तथा अधिक | पता नहीं |
| 1वर्ष बाद मुद्रास्फीति दर | 1% से कम | 1 - 2 % | 2 - 3 % | 3 - 4 % | 4 - 5 % | 5 - 6 % | 6 - 7% | 7 - 8% | 8 - 9% |
| | 9 - 10% | 10 - 11% | 11 - 12% | 12 - 13% | 13 - 14% | 14 - 15% | 15 - 16 % | 16% तथा अधिक | पता नहीं |

**खंड 6: पिछले एक माह में निम्नलिखित प्रमुख खाद्य वस्तुओं की खरीद के लिए आपके द्वारा खर्च की गई राशि**

| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) |
|---|---|---|---|---|
| दूध (₹ प्रति लीटर) | गेहूं का आंटा(₹ प्रति कि.ग्रा.) | चावल (₹ प्रति कि.ग्रा.) | चना दाल (₹ प्रति कि.ग्रा.) | तुर दाल (₹ प्रति कि.ग्रा.) |
| | | | | |

**खंड 7: कीमतों में परिवर्तन से वेतन/आय में होने वाले संभावित परिवर्तन के बारे में उत्तरदाताओं की धारणा**

| विकल्प | एक वर्ष पहले की तुलना में वेतन/ आय में परिवर्तन | अगले तीन माह में वेतन/ आय में संभावित परिवर्तन | अगले एक वर्ष में वेतन/ आय में संभावित परिवर्तन |
|---|---|---|---|
| वृद्धि | | | |
| कोई परिवर्तन नहीं | | | |
| कमी | | | |

**अन्वेषक का नाम:** **अन्वेषक के हस्ताक्षर:** **साक्षात्कार की तारीख (ता./महीना/वर्ष) / /2011**

## अनुबंध *(समाप्त)*

**मानदंडों का विवरण**

| | |
|---|---|
| **खाद्य उत्पाद** | (i) अनाज (गेहूं, चावल, दालें आदि), फल, सब्जियाँ, चीनी, खाद्य तेल, डेयरी उत्पाद और बेकरी उत्पाद, चाय, कॉफी आदि<br>(ii) मांस, मछली और समुद्री उत्पाद<br>(iii) कार्बोनेटेड शीतल पेय और मिनरल वाटर, पेय पदार्थ<br>(iv) बीडी, सिगरेट और अन्य तम्बाकू उत्पाद जैसे जर्दा, पान मसाला और संबंद्ध उत्पाद आदि |
| **खाद्येतर उत्पाद** | (i) कपडे और परिधान वस्त्र<br>(ii) फार्मास्यूटिकल और दवाएं, साफ-सफाई और पालिस के उत्पाद, साबुन, डिटर्जेंट<br>(iii) रबड़ और रबड़ उत्पाद, टायर और ट्यूब<br>(iv) प्लास्टिक और प्लास्टिक उत्पाद<br>(v) चमड़ा और चमड़े के उत्पाद जूते आदि<br>(vi) कागज और कागज उत्पाद (लेखन सामग्री आदि)<br>(vii) पेट्रोलियम और कोयला उत्पाद<br>(viii) मूल रसायन और रासायनिक उत्पाद, डाई और डाई के सामन<br>(ix) मूल धातु गैर धातु खनिज उत्पाद आदि |
| **घरेलू टिकाऊ वस्तुएं** | (i) श्रव्य-दृश्य उपकरण (रेडियो, टीवी, वीडियो कैमरा, टेलीफोन, माइक्रोफोन मोबाइल आदि)<br>(ii) फर्नीचर, लकड़ी और लकड़ी के उत्पाद<br>(iii) वाशिंग मशीन, एयर कूलर और एयर कंडीशनर<br>(iv) पर्सनल कंप्यूटर<br>(v) घड़ियां और दीवाल घड़िया, आदि |
| **आवास** | (i) आवास/कार्यालय परिसर का निर्माण और रखरखाव<br>(ii) साइट की तैयारी<br>(iii) मकान किराया |
| **सेवाएँ** | (i) यातायात तथा संचार<br>(ii) शिक्षा और मनोरंजन<br>(iii) चिकित्सा सुविधाएं<br>(iv) आईटी सेवाएं<br>(v) व्यक्तिगत देखभाल और प्रयास<br>(vi) बैंकिंग/डाक/कूरियर सेवाएं |